TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

06 नवंबर 2025

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

यदि आप महान कार्य नहीं कर सकते तो

छोटे-छोटे कार्यों को महान तरीके से करें।

नेपोलियन हिल



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

Teachers of Bihar
The change makers

# दिवस विशेष

6 नवंबर

मधु प्रिया

## यशवंत सिन्हा का जन्म 6 नवंबर



यशवंत सिन्हा का जन्म **6** नवंबर **1937** को पटना बिहार में एक कायस्थ परिवार में हुआ। उन्होंने पटना विश्वविद्यालय से बीए ऑनर्स **(**इतिहास**)** में स्नातक किया। उन्होंने **1958** में राजनीति विज्ञान में अपनी मास्टर डिग्री प्राप्त की। इसके बाद, उन्होंने **1962** तक पटना विश्वविद्यालय में इस विषय को पढ़ाया। एक भारतीय प्रशासक और राजनीतिज्ञ, उन्होंने प्रधान मंत्री चंद्रशेखर के तहत **1990** से **1991** तक और फिर से मार्च **1998** से जुलाई **2002** तक प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के तहत वित्त मंत्री के रूप में कार्य किया । उन्होंने जुलाई **2002** से मई **2004** तक विदेश मंत्री के रूप में भी कार्य किया। **21** अप्रैल **2018** को पार्टी छोड़ने से पहले वे भाजपा के एक वरिष्ठ नेता थे। **2015** में, उन्हें फ्रांस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान अधिकारी डे ला लेजियन डी'होनूर से सम्मानित किया गया । केंद्रीय वित्त मंत्री, विदेश मंत्री के रूप में उनके काम और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर उनके अमूल्य योगदान के लिए उन्हें यह पुरस्कार दिया गया।मार्च **2021** में, वह **AITC** में शामिल हो गए में शामिल हो गए हालाँकि वह जून **2022** में चले गए क्योंकि उन्हें संयुक्त विपक्षी दलों द्वारा **2022** के राष्ट्रपति चुनाव के लिए अपने राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में चुना गया था । लेकिन एनडीए की द्रौपदी मुर्मू के खिलाफ चुनाव हार गए ।

/teachersofbihar

# पुण्यतिथि विशेष 06 नवंबर



संजीव कुमार  जन्म: **9** जुलाई **1938,** मृत्यु: **6** नवम्बर **1985)** हिन्दी फ़िल्मों के एक प्रसिद्ध अभिनेता थे। उनका पूरा नाम हरीभाई जरीवाला था। वे मूल रूप से गुजराती थे। इस महान कलाकार का नाम फ़िल्मजगत की आकाशगंगा में एक ऐसे धुव्रतारे की तरह याद किया जाता है जिनके बेमिसाल अभिनय से सुसज्जित फ़िल्मों की रोशनी से बॉलीवुड हमेशा जगमगाता रहेगा। उन्होंने नया दिन नयी रात फ़िल्म में नौ रोल किये थे। कोशिश फ़िल्म में उन्होंने गूँगे बहरे व्यक्ति का शानदार अभिनय किया था। शोले फ़िल्म में ठाकुर का चरित्र उनके अभिनय से अमर हो गया।

 राकेश कुमार

# TOB खेल कॉर्नर



## ऑस्ट्रेलिया किस टूर्नामेंट में कितनी बार चैंपियन बना

| टूर्नामेंट | चैंपियन |
|---|---|
| मेंस वनडे वर्ल्ड कप | 6 |
| मेंस टी-20 वर्ल्ड कप | 1 |
| मेंस WTC | 1 |
| मेंस चैंपियंस ट्रॉफी | 2 |
| विमेंस वनडे वर्ल्ड कप | 7 |
| विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप | 6 |
| मेंस अंडर 19 वर्ल्ड कप | 4 |

# MATH TLM

78 Class-6to8

## वर्ग (Square)

### प्रथम बीस संख्याओं का वर्ग

$1^2 = 1$

$2^2 = 4$

$3^2 = 9$

$4^2 = 16$

$5^2 = 25$

$6^2 = 36$

$7^2 = 49$

$8^2 = 64$

$9^2 = 81$

$10^2 = 100$

$11^2 = 121$

$12^2 = 144$

$13^2 = 169$

$14^2 = 196$

$15^2 = 225$

$16^2 = 256$

$17^2 = 289$

$18^2 = 324$

$19^2 = 361$

$20^2 = 400$

Anu Priya, Science Teacher

# Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 06.11.2025

## प्रयोजन विज्ञान

प्रयोजन विज्ञान (**Teleology,** जिसे उद्देश्यवाद या टेलिअलोजी भी कहते हैं) दर्शनशास्त्र की वह शाखा है जो घटनाओं या प्रक्रियाओं की व्याख्या उनके अंतिम उद्देश्य, लक्ष्य या प्रयोजन के आधार पर करती है, न कि उनके उत्पन्न होने के तात्कालिक कारण के आधार पर।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



गुजरात का **पालीताणा** शहर दुनिया का पहला ऐसा शहर है जिसने मांसाहारी भोजन, जिसमें **मांस और अंडे** शामिल हैं, पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है। यह प्रतिबंध **जैन समुदाय** के विरोध प्रदर्शनों के बाद **2014** में लागू किया गया था।



राकेश कुमार


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
वाटिका और वन में एक नहीं,
आराम और रण एक नहीं
वर्षा, अंधड़,आतप अखंड,
पौरुष के है साधन प्रचण्ड।
रामधारी सिंह दिनकर
www.padyapankaj.teachersofbihar.org
Madhu priya